# मौनी अमावस्या पर उमड़ा आस्था का महासैलाब

▶ डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा



**प्रयागराज/नई दिल्ली 18 जनवरी. मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के तीर्थस्थलों पर आस्था का महासैलाब उमड़ पड़ा. प्रयागराज संगम, सरयू-घाघरा घाट, कौशांबी सहित विभिन्न पवित्र स्नान स्थलों पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा व अन्य नदियों में आस्था की डुबकी लगाई.**

पुष्पवर्षा, दान-पुण्य और भजन-कीर्तन के बीच धार्मिक उल्लास देखने को मिला. प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए, वहीं शंकराचार्य काफिले को लेकर विवाद और राजनीतिक शुभकामनाओं ने पर्व को और चर्चा में ला दिया. माघ महीने में मौनी अमावस्या पर करोड़ों की भीड़ को देखते हुए स्नान कराया जा रहा है उसे श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया. उन्होंने कैप्शन में लिखा, तीर्थराज प्रयाग में आज मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर हुई पुष्पवर्षा आस्था का अभिनंदन और महान सनातन संस्कृति का वंदन है.

### किन्नर अखाड़े ने संगम में लगाई डुबकी

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेले में आज मौनी अमावस्या के मौके पर किन्नर अखाड़े ने जबरदस्त एंट्री की है. महाकुंभ के बाद यह पहला मौका है जब अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में किन्नर संत गंगा स्नान करने के लिए संगम पहुंचे. किन्नर संत हाथों में त्रिशूल व डमरू व शरीर पर भगवा वस्त्र धारण कर जय श्री राम का उद्घोष करते हुए किन्नर संतों ने स्नान किया.



## रेलवे ने ट्रैक के आधुनिकीकरण व सुरक्षा क्षेत्र में लगाई लंबी छलांग

▶ 2024-25 में 6 हजार 851 किमी ट्रैक का नवीनीकरण

**नई दिल्ली, 18 जनवरी. देश में पिछले एक साल में रेलवे ट्रैकों के नवीनीकरण की दिशा में काफी तेज गति से काम हुआ है, जिसके कारण रेल सुरक्षा मजबूत हुई है.**

रेलवे की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 6 हजार 851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा हुआ है और मौजूदा समय में 7 हजार 500 ट्रैकों के नवीनीकरण का काम चल रहा है, जिसके वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा होने का अनुमान है. इसके अलावा, 2026-27 के लिए 7,900 किमी ट्रैक का नवीनीकरण करने की योजना है. रेलवे ने बताया है कि 2024-25 में, 7 हजार 161 थिक वेब स्विच और 1 हजार 704 वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील (सीएमएस) क्रॉसिंग लगाए गए.

वहीं, 2025-26 में, 8,000 से ज्यादा थिक वेब स्विच और 3 हजार से ज्यादा वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग लगाए जाने की योजना है. रेलवे ने बताया कि ट्रैक की स्थिरता बनाए रखने और राइड क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए जरूरी बैलास्ट की मशीनीकृत डीप स्क्रीनिंग लगातार की गई है. रेलवे के मुताबिक 2024-25 के दौरान, 7,442 ट्रैक किलोमीटर की डीप स्क्रीनिंग की जबकि 2025-26 में 7,500 से ज्यादा ट्रैक किलोमीटर में डीप स्क्रीनिंग किए जाएंगे.

### सेफ्टी फेंसिंग को प्राथमिकता पर लिया

रेलवे ने बताया है कि पशुओं के ट्रेन की चपेट में आने और अनाधिकृत प्रवेश की घटनाओं को कम करने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे सेफ्टी फेंसिंग को प्राथमिकता पर लिया है, जिससे कुल मिलाकर सुरक्षा बढ़ी है. अब तक लगभग 15 हजार किलोमीटर की फेंसिंग लगाई गई है, जिससे उन सेक्शनों पर सुरक्षा में सुधार हुआ है, जहां ट्रेनें 110 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलती हैं. रेलवे ने कहा है कि वर्ष 2014 में 110 किमी प्रति घंटे और उससे ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के योग पटरियों की लंबाई 31 हजार 445 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 40 प्रतिशत) थी, जो अब बढ़कर 84 हजार 244 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 80 प्रतिशत) हो गई .

## भेदभाव खत्म करने जाति मन से मिटाएं

**आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने कहा**

**आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर जनसभा आयोजित**



**मुंबई, 18 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत ने जातिगत भेदभाव खत्म करने की बात कही है. उन्होंने कहा कि यदि ईमानदारी से प्रयास किए जाएं, तो 10-12 वर्षों में जातिवाद खत्म हो सकता है. संघ का उद्देश्य व्यक्ति के चरित्र निर्माण के माध्यम से भारत को उसके सर्वोत्तम गौरव तक पहुंचाना है, न कि स्वयं को बढ़ाना है.**

रविवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया.

भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को धर्म ही चला रहा है. उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है. जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए. सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है. उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है. प्रांत संघचालक अनिल भालेराव भी मंच पर उपस्थित थे.

भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत और पूरे समाज को उसके सर्वोत्तम गौरव तक ले जाना है. संघ खुद को बड़ा नहीं करना चाहता है. वह समाज को बड़ा बनाना चाहता है. उन्होंने कहा कि अगर लोग संघ को समझना चाहते हैं, तो उन्हें उसकी शाखाओं में आना चाहिए.

## निकाय चुनाव में हार के बाद ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा



**मुंबई, 18 जनवरी. महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न नगर निगम चुनावों में कांग्रेस पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए ठाणे जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत पाटिल ने रविवार को अपने पद के साथ-साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया.**

इस घटनाक्रम के बाद पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है. वरिष्ठ नेता अब राज्य और महानगर स्तर पर जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं. विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) भाई जगताप ने मुंबई महानगरपालिका चुनावों में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ के इस्तीफे की खुली मांग की है. इस्तीफा सौंपने से पहले पत्रकारों से बातचीत में श्री पाटिल ने कहा कि उन्होंने ठाणे महानगरपालिका चुनाव महा विकास अघाड़ी के बैनर तले लड़ने की जोरदार पैरवी की थी, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया, जो पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हुआ. उन्होंने कहा, इस फैसले के कारण ठाणे में पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ा.

## इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना से हड़कंप

**नई दिल्ली, 18 जनवरी.** दिल्ली से पश्चिम बंगाल जा रही एक फ्लाइट की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी. रविवार सुबह दिल्ली से पश्चिम बंगाल के बागडोगरा जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6 ई-6650 में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया. सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विमान को तत्काल लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी. विमान में कुल 238 लोग सवार थे. विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहां बम निरोधक दस्ता, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान और यात्रियों के सामान की गहन तलाशी शुरू कर दी.

### एक नजर में



#### यूरोपीय संघ ने किए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**असुनसियन, 18 जनवरी.** दक्षिणी साझा बाजार (मर्कोसुर) और यूरोपीय संघ (ईयू) ने 25 साल से चल रही बातचीत के बाद पराग्वे की राजधानी असुनसियन में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं. हस्ताक्षर समारोह में शनिवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे के विदेश मंत्रियों सहित ईयू और मर्कोसुर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए. इस समझौते का उद्देश्य दोनों गुटों के बीच आयात शुल्क को कम करना और व्यापार का विस्तार करना है. अब इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी के साथ-साथ मर्कोसुर सदस्य देशों अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे की विधायिकाओं द्वारा अनुसमर्थन मिलना बाकी है.

#### धामी गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह में पहुंचे



**हरिद्वार 18 जनवरी.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को हरिद्वार पहुंचे और बैरागी कैंप स्थित शताब्दी नगर में आयोजित गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह में भाग लिया. मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ध्वज वंदन समारोह में सहभागिता की और गायत्री परिवार के सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान की सराहना की. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत समाज, श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे. मुख्यमंत्री के आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों, स्थानीय नेताओं और साधु-संतों ने उनका स्वागत किया. कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए.

#### नागपुर से ईदुल इस्लाम को दबोचा

**लखनऊ/नागपुर 18 जनवरी.** उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण से जुड़े बड़े मामले में यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है. एटीएस टीम ने महाराष्ट्र के नागपुर से ईदुल इस्लाम नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी छांगुर उर्फ जलालुद्दीन के कथित अवैध धर्मांतरण नेटवर्क से जुड़ा बताया जा रहा है. गिरफ्तारी के बाद एटीएस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ ला रही है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी. एटीएस के अनुसार आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी है और उसके खिलाफ एटीएस थाने में दर्ज मुकदमे में कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं.

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदें

**जयशंकर और अमेरिकी सीनेटर की मुलाकात**



**नई दिल्ली, 18 जनवरी. भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से अटकी व्यापार वार्ता को लेकर एक बार फिर हलचल तेज़ हो गई है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी सीनेटर स्टीव डैनिस की नई दिल्ली में हुई अहम मुलाकात ने इस दिशा में नई उम्मीदें जगा दी हैं.**

ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था चुनौतियों से जूझ रही है, भारत-अमेरिका की संभावित ट्रेड डील को दोनों देशों के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है. इस मुलाकात को सिर्फ एक औपचारिक कूटनीतिक बैठक नहीं, बल्कि आने वाले दिनों में किसी बड़े फैसले का संकेत माना जा रहा है. जयशंकर द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों और बयान ने इस अटकल को और मज़बूत कर दिया है कि दोनों देश व्यापार, सुरक्षा और तकनीकी सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं.

अमेरिकी राजदूत का भारत को अमेरिका का सबसे अहम साझेदार बताना और ट्रेड वार्ता को लेकर सकारात्मक बयान यह संकेत दे रहे हैं कि जल्द ही कोई बड़ी घोषणा हो सकती है. यही वजह है कि इस मुलाकात पर न केवल राजनीतिक बल्कि कारोबारी जगत की भी नज़रें टिकी हुई हैं. विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी सीनेटर स्टीव डैनिस के बीच रविवार को नई दिल्ली में हुई मुलाकात को भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज़ से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है. इस बैठक में दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों, रणनीतिक साझेदारी और खासतौर पर व्यापार सहयोग पर गहन चर्चा हुई.

## ईयू ने व्यापार समझौते पर लगाई रोक

**ब्रूसेल्स, 18 जनवरी. ग्रीनलैंड मामले में अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी है.**

ईयू ने यह कदम डेनमार्क और संघ के कई देशों पर अमेरिका द्वारा आयात शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद उठाया है. ईयू के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ये आयात शुल्क संघ और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुँचा सकते हैं. साथ ही, उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता ऐसे सिद्धांत हैं जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता. गौरतलब है कि जुलाई 2025 में प्रस्तावित समझौते को आयात शुल्क कम करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया था. हालांकि ग्रीनलैंड पर श्री ट्रंप के रुख और और आयात शुल्क लगाने की उनकी चेतावनी के बाद संघ ने इस प्रस्तावित समझौते के अनुमोदन को रोकने का आह्वान किया है. श्री ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में धमकी दी है कि यदि ग्रीनलैंड को पूरी तरह से अमेरिका को नहीं बेच दिया जाता, तो एक फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो 1 जून से बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा.

### ग्रीनलैंड और डेनमार्क में हुए विरोध प्रदर्शन

**कोपेनहेगन.** ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने के अमेरिकी प्रयासों और बयानों के विरोध में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के कई शहरों में विशाल विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं. डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के सिटी हॉल स्क्वायर पर भीड़ जमा हुई, जिसने अमेरिकी दूतावास तक मार्च निकाला. इस प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे. नूक में भी लोग जुटे और ग्रीनलैंडवासियों का है ग्रीनलैंड के नारे लगाए.

## केजरीवाल ने कहा- गुजरात की जनता बदलाव के लिए तैयार

▶ आप कार्यकर्ताओं के शपथ कार्यक्रम में किया बड़ा दावा



**नई दिल्ली/अहमदाबाद, 18 जनवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात की राजनीति में बड़े बदलाव का दावा किया है.**

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि गुजरात की जनता इस बार बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है। केजरीवाल ने अहमदाबाद में आयोजित आम आदमी पार्टी के जुझारू कार्यकर्ताओं के शपथ कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ जनता के मुद्दों को लेकर मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में अब पुरानी राजनीति से लोग ऊब चुके हैं और एक नई, ईमानदार और जनहितैषी राजनीति की ओर देख रहे हैं। अपने संदेश में केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया.

### आज का इतिहास

1883 - नार्थ सी में जर्मन स्टीमर सिंब्रिया और ब्रिटिश स्टीमर सुलतान के बीच टक्कर से 340 लोगों की मौत।

1905- हिन्दू दार्शनिक देबेन्द्रनाथ टैगोर ने अंतिम सांस ली।

1907- पहला फिल्म रिव्यू वैराइटी मैगजीन में छपा।

1919- मशहूर उर्दू शायर कैफ़ी आज़मी का जन्म हुआ।

1942- जापान की सेना ने बर्मा की राजधानी रंगून से 235 मील दक्षिण पूर्व में स्थित तटीय बंदरगाह तिवोय पर कब्जा किया।

1966 - तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मौत के बाद इंदिरा गांधी को भारत का प्रधानमंत्री बनाया गया।

## आतंकियों व सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

**श्रीनगर. 18 जनवरी.** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सिंहपोरा इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है. यह मुठभेड़ उस समय शुरू हुई, जब घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों की टीम पर अचानक फायरिंग कर दी. सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाबलों को सिंहपोरा क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी को लेकर पहले से ही पुख्ता खुफिया जानकारी मिली थी. इसी इनपुट के आधार पर सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से इलाके में बड़े पैमाने पर कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू किया था. तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने जब इलाके की घेराबंदी को और मजबूत किया.

## स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के लिए फिट इंडिया जरूरी : रेड्डी




**हैदराबाद, 18 जनवरी. केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने गाचीबोवली स्टेडियम में संडेज ऑन साइकिल के 57वें हैदराबाद संस्करण को हरी झंडी दिखाई और स्वस्थ और विकसित भारत बनाने में फिजिकल फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया.**

केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है और केंद्र फिट इंडिया आंदोलन के जरिए उस दिशा में काम कर रहा है. उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, खान-पान की आदतें, शारीरिक गतिविधियों में कमी और पर्यावरणीय बदलावों के कारण मोटापा और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं. श्री रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार मोटापा कम करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम लागू कर रही है. प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत नागरिकों से तेल की खपत कम करने की भी अपील की है. श्री रेड्डी ने बताया कि मानसिक तनाव कई बीमारियों के पीछे एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है.

**बदलाव** ▶ **कोहरा, स्मॉग और गिरते तापमान से जनजीवन प्रभावित**

## मौसम : घने कोहरे की चपेट में उत्तर भारत

**नई दिल्ली, 18 जनवरी. उत्तर भारत इस समय भीषण ठंड, घने कोहरे और वायु प्रदूषण के दोहरे संकट से जूझ रहा है, जिसमें दिल्ली सबसे अधिक प्रभावित नजर आ रही है.**




रविवार सुबह राजधानी और एनसीआर में घने कोहरे ने जनजीवन की रफ्तार थाम दी. सड़कों से लेकर हवाई यातायात तक असर दिखा, जबकि शीतलहर और स्मॉग ने हालात और गंभीर कर दिए. एक्यूआई के 'गंभीर' स्तर पर पहुंचने से लोगों की सेहत पर भी खतरा बढ़ गया है. उत्तर भारत इन दिनों भीषण ठंड, घने कोहरे और खतरनाक वायु प्रदूषण के त्रिकोणीय संकट से जूझ रहा है. राजधानी दिल्ली और इससे सटे एनसीआर क्षेत्र में रविवार सुबह एक बार फिर घने कोहरे ने जनजीवन की रफ्तार थाम दी. सड़कों पर दृश्यता शून्य के करीब पहुंच गई, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

ठिठुरन भरी ठंड ने आम लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित किया है. बीते कई दिनों से जारी शीतलहर ने राजधानी में तापमान के पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं. दिनभर छाई धुंध और जहरीली हवा ने लोगों की सेहत पर भी असर डालना शुरू कर दिया है. अस्पतालों में सांस, आंखों में जलन और गले की तकलीफ वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है. मौसम विभाग ने घने कोहरे को लेकर चेतावनी जारी की है.

## नीतीश ने लिया विकास कार्यों का जायजा

**पटना, 18 जनवरी. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को बख्तियारपुर में गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट का भ्रमण कर कराये गये विकास कार्यों का जायजा लिया.**



श्री कुमार ने जायजा के क्रम में गंगा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के तहत कराये गये विकास कार्यों के साथ ही श्रद्धालुओं की सुनिश्चित करायी गयी सुविधाओं की जानकारी ली. मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि बचपन में अक्सर वह यहां सीढ़ी घाट पर स्नान करने आते थे. प्रतिदिन बड़ी संख्या में आस-पास के श्रद्धालु भी यहां पहुंचते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुये इस घाट को काफी अच्छे ढंग से विकसित कराया गया है. अब श्रद्धालु सुगमतापूर्वक यहां आकर स्नान एवं पूजा-अर्चना करते हैं. मुख्यमंत्री श्री कुमार ने बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की. उन्होंने प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व सांसद पंडित शीलभद्र याजी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. बालकेश्वरी याजी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी. इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

## यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा हेल्थकेयर-हेल्थटेक कॉरिडोर

**लखनऊ, 18 जनवरी.** उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और मेडिकल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं. सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं में केवल उपभोक्ता राज्य नहीं रहेगा, बल्कि मेडिकल इनोवेशन, मेडिकल डिवाइस और फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के साथ आसपास के राज्यों की जरूरतों को मिलाकर लोगों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी निभाता है.